बैठक सूचना / Meeting Notice

संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन / U.T. Administration of Daman & Diu

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण / Town Official Language Implementation Committee, Daman

राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया / Rajbhasha Vibhag, Fort Area,

मोटी दमण /Moti Daman-396 220

4367

सं. रा.भा.7 (10)/नराकास बैठक/2018/ 10 दिनांक : 18/01/2018

सेवा में,

सभी कार्यालयाध्यक्ष एवं
सदस्य, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
दमण ।

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण की 32 वीं बैठक की सूचना ।

महोदय/महोदया,

सादर सूचित करना है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण की संयुक्त बैठक माननीय सचिव (वित्त/राजभाषा), दमण एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली, दमण की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, मुंबई की उप-निदेशक, श्रीमती सुनीता यादव की उपस्थिति में दिनांक **29/01/2018 (सोमवार) को अपराह्न 04.00 बजे सचिवालय सभागार में आयोजित की जाएगी** । उक्त बैठक में पिछले तिमाह/छमाह के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दमण के सभी कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिन्दी में किये गए कार्यों के बारे में समीक्षा की जाएगी एवं राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के बारे में निर्णय लिये जाएंगे ।

उक्त बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार चलाई जा रही नकद पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2016-17 के दौरान टिप्पण एवं आलेखन में 20 हजार से अधिक शब्द लिखने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को नकद पुरस्कार दिये जायेंगे । साथ ही राजभाषा विभाग, दमण द्वारा शील्ड पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2016-17 के दौरान कार्यालयीन काम-काज में हिन्दी में सबसे अधिक मूल पत्राचार करने वाले चयनित सरकारी कार्यालयों/राष्ट्रीयकृत बैंकों/सरकारी उपक्रमों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया जाएगा ।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया संबन्धित छमाह की छमाही रिपोर्ट के साथ निर्धारित स्थल एवं समय पर अवश्य उपस्थित रहने का कष्ट करें ।

भवदीय

(डॉ अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
दमण

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ :

1. प्रशासक की स्टाफ अधिकारी, सचिवालय, दमण ।
2. विकास आयुक्त की व्यक्तिक सहायक, सचिवालय, दमण ।
3. समाहर्ता एवं सचिव (राजभाषा) की व्यक्तिक सहायक, समाहर्तालय, दमण ।
4. पुलिस महा निरीक्षक, पुलिस विभाग, नानी दमण ।
5. मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग, दमण
6. सचिव (शिक्षा), सचिवालय, दमण ।
7. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), केन्द्रीय सदन, छठा तल, सी-विंग, सी.बी.डी. बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614
8. राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान कार्यालय, सचिवालय, दमण को इसे कार्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु अनुरोध सहित
9. कार्यालय प्रति ।